E-mail : eeupjnrhathras@gmail.com

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण),

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,

भवन सं0—867 / 19, भगवन्तपुर, गुमानपुर रोड, हाथरस—204101

पत्रांकः—1032 / जनशिकायत / 36 दिनांकः— 11 / 06 / 2026

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग,
लखनऊ।

**विषयः— दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला में प्रकाशित खबर "कजरौठी में जल जीवन मिशन की टंकी अधूरी, पाईप लाइन डालने के बाद भी नहीं मिला पानी" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक अमर उजाला में दिनांक 08.06.2026 को प्रकाशित खबर "कजरौठी में जल जीवन मिशन की टंकी अधूरी, पाईप लाइन डालने के बाद भी नहीं मिला पानी" के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जनपद हाथरस में कजरौठी पे0यो0 वि0खं0 सादाबाद में पुनर्गठन सम्बन्धी कार्य कराये जा रहे हैं जिसमें सम्मिलित ग्राम कजरौठी, पोदा, बिचपुरी, लोकेरा, रमचेला, भूतिया, गिजरौला, पल्हावत, नत्था नगला, अलिया, जंगला, खेड़ा आदि हैं। योजनान्तर्गत 01 नग शिरोपरि जलाशय, 03 नग नलकूप, 03 नग पम्प हाउस, 01 नग बाउन्ड्रीवॉल, 27.2 कि0मी0 वितरण प्रणाली एवं 1470 नग गृह जल संयोजन के कार्य प्रस्तावित हैं जिसके सापेक्ष 03 नग नलकूप, 02 नग पम्प हाउस, 01 नग बाउन्ड्रीवॉल, 20.0 कि0मी0 वितरण प्रणाली एवं 900 गृह जल संयोजन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं शिरोपरि जलाशय का कार्य गाउण्ड लेवल तक पूर्ण कर लिया गया है, वितरण प्रणाली, एवं गृह जल संयोजन के कार्य प्रगति पर है। शेष कार्य को शीर्ष प्राथमिकता पर पूर्ण करने हेतु सम्बन्धित फर्म को निर्देशित कर दिया गया है।

**भवदीय**

कृते अधिशासी अभियन्ता

**पत्रांक व दिनाँक उक्त।**

**प्रतिलिपि :—निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—**

1. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (आ0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अलीगढ़।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, हाथरस।
5. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, हाथरस।

कृते अधिशासी अभियन्ता